CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 199 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शनिवार, 10 जनवरी ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## भाजपा सरकार ने जनता के मुद्दे छोड़े सिर्फ इवेंट कर रही है : डोटासरा

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए उसे इवेंट मैनेजमेंट की सरकार करार दिया और कहा कि डबल इंजन की सरकार को जनता के असली मुद्दों से कोई सरोकार नहीं रह गया है।

डोटासरा ने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था जैसे गंभीर विषयों पर चर्चा करने के बजाय सरकार केवल नियुक्ति पत्र बांटने के कार्यक्रम कर रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि ये नियुक्तियां सरकार की देन नहीं हैं, बल्कि युवाओं को उनकी मेहनत का हक मिला है, फिर इसे उत्सव की तरह पेश करने का औचित्य क्या है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि युवा महोत्सव के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च कर दिए गए, जबकि कार्यक्रम में सौ लोग भी मौजूद नहीं थे। उन्होंने कहा कि उस आयोजन में न तो खेल मंत्री पहुंचे और न ही मुख्यमंत्री। इसी तरह 'खेलो इंडिया' को भी उन्होंने इवेंट मैनेजमेंट बताया और तंज कसते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के भाषण के दौरान भी केवल दो-ढाई सौ लोग ही मौजूद थे।

भाजपा संगठन पर हमला बोलते हुए डोटासरा ने कहा कि भाजपा कार्यालय के बाहर कार्यकर्ता भिखारियों की तरह खड़े रहते हैं। यदि कोई कार्यकर्ता वसुंधरा राजे गुट से जुड़ा होता है तो उससे मुलाकात तक नहीं की जाती। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा कार्यालय में घुसते ही कार्यकर्ताओं से पूछा जाता है कि आपके पास क्या दायित्व है।

डोटासरा ने ब्यूरोक्रेसी पर भी भ्रष्टाचार के आरोप लगाए और कहा कि जनप्रतिनिधियों की सरकार में किसी की सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि सरकार को अपने दो साल के काम गिनाने चाहिए, लेकिन ये लोग सिर्फ पर्ची बदलने का इंतजार कर रहे हैं।

## हाड़ौती का ऐतिहासिक टाइगर कॉरिडोर फिर होगा जीवंत, मुकुंदरा-रामगढ़ बनेंगे बाघ संरक्षण का केंद्र,बाघ T-2408 का सफल स्थानांतरण

भीलवाड़ा फोकस @ कोटा ।



गर्वित । करीब एक सदी पहले समाप्त हो चुका हाड़ौती क्षेत्र का ऐतिहासिक टाइगर कॉरिडोर अब एक बार फिर जीवंत होने जा रहा है। रामगढ़ विषधारी से लेकर मुकुंदरा हिल्स तक बाघों के संरक्षण और उनकी संख्या बढ़ाने की दिशा में वन विभाग ने ऐतिहासिक पहल की है। रणथंभौर से मुकुंदरा टाइगर रिज़र्व में बाघ ञ-2408 के सफल स्थानांतरण के साथ ही हाड़ौती क्षेत्र में जैव विविधता संरक्षण की नई शुरुआत मानी जा रही है।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रणथंभौर से मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिज़र्व में बाघ के स्थानांतरण को हाड़ौती के लिए बड़ी उपलब्धि बताते हुए कोटा सहित पूरे क्षेत्र के नागरिकों और वन्यजीव प्रेमियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह कदम जैव विविधता संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और वन्यजीव सुरक्षा की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

ओम बिरला ने कहा कि मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिज़र्व और रामगढ़ विषधारी टाइगर रिज़र्व में हो रहे समन्वित प्रयास आने वाले समय में कोटा-बूंदी क्षेत्र को बाघ संरक्षण का प्रमुख केंद्र बनाएंगे। बाघों की संख्या बढ़ने से न केवल इको-टूरिज़्म को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार और आजीविका के नए अवसर भी सृजित होंगे। वन संरक्षण, पर्यटन और जनभागीदारी का यह साझा मॉडल हाड़ौती को विकास और प्रकृति संतुलन का उदाहरण बनाएगा। मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिज़र्व के डीसीएफ मुथु सोमसुंदरम के अनुसार, स्थानांतरित किया गया बाघ ञ-2408 लगभग चार वर्ष का है। इसके आने के साथ ही मुकुंदरा में मेल बाघों की संख्या दो हो गई है। वर्तमान में टाइगर रिज़र्व में कुल छह बाघ मौजूद हैं, जिनमें दो मेल, तीन फीमेल और एक शावक शामिल है। उल्लेखनीय है कि पिछले एक वर्ष में यहां बाघों की संख्या दो से बढ़कर छह हो गई है। दिसंबर 2024 तक मुकुंदरा में केवल एक बाघ और एक बाघिन ही मौजूद थे। वन विभाग का मानना है कि रामगढ़ विषधारी से मुकुंदरा तक बाघों की आवाजाही शुरू होने से हाड़ौती का ऐतिहासिक टाइगर कॉरिडोर पुनः सक्रिय होगा और यह क्षेत्र भविष्य में देश के प्रमुख बाघ संरक्षण क्षेत्रों में शुमार होगा।

## एसीबी का शिकंजा देख जेईएन रिश्वत लेकर भागा, नाले में कूदा, एईएन-जेईएन गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ भरतपुर।



एंटी करप्शन ब्यूरो की कार्रवाई के दौरान शुक्रवार शाम फिल्मी अंदाज में घटनाक्रम सामने आया। एसीबी टीम को देखते ही बिजली विभाग का जेईएन रिश्वत की रकम स्कूटी में रखकर फरार हो गया। टीम ने करीब तीन किलोमीटर तक पीछा किया, लेकिन बचने की कोशिश में जेईएन 10 फीट गहरे नाले में कूद गया। आखिरकार एसीबी ने उसे बाहर निकालकर हिरासत में लिया। मामले में सोलर प्लांट की फाइलें पास करने के बदले रिश्वत मांगने वाले एईएन और जेईएन दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया।

एसीबी के अनुसार, बिजली विभाग के एईएन मोहित कटियार और जेईएन अभिषेक गुप्ता उच्चैन क्षेत्र में पदस्थ थे। दोनों ने एक सोलर इंस्टॉलेशन करने वाले परिवादी से प्रति फाइल 5 हजार रुपए की दर से कुल 18 फाइलों के लिए 90 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की थी। सौदे के तहत पहली किश्त के रूप में 50 हजार रुपए तय किए गए थे।

एसीबी एएसपी अमित सिंह ने बताया कि परिवादी सोलर प्लांट लगाने का कार्य करता है और प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत भी सोलर इंस्टॉलेशन करता है। मीटर चालू होने और सब्सिडी जारी होने के लिए जरूरी फाइलें इन्हीं अधिकारियों के पास लंबित थीं। शुक्रवार को परिवादी ने एसीबी में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद रिश्वत मांगने की पुष्टि कर ट्रैप की कार्रवाई की गई।

बताया गया कि सौदा तय होने के बाद एईएन उच्चैन से उत्तर प्रदेश के आगरा जिले के किरावली चला गया था। जब परिवादी ने संपर्क किया तो वह मौजूद नहीं मिला। इसके बाद जेईएन से बात हुई, जिसने परिवादी को भरतपुर स्थित अपने निवास बिग्रेडियर घासी राम कॉलोनी बुलाया।

शाम करीब 4 बजे परिवादी जेईएन के घर पहुंचा और तय रकम दी। जेईएन ने 50 हजार रुपए स्कूटी की डिक्की में रखे ही थे कि उसे एसीबी की भनक लग गई। वह तुरंत स्कूटी लेकर फरार हो गया। एसीबी टीम ने पीछा किया और करीब तीन किलोमीटर बाद घिरता देख जेईएन नाले में कूद गया, जहां वह फंस गया। टीम ने उसे बाहर निकालकर पकड़ा, इस दौरान उसके पैरों और घुटनों में चोटें भी आईं।

एसीबी ने जेईएन अभिषेक गुप्ता और एईएन मोहित कटियार को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों से पूछताछ जारी है। जांच में यह भी पता लगाया जा रहा है कि फाइलें कब से लंबित थीं और कितने समय से रिश्वत की मांग की जा रही थी।

## कलेक्ट्रेट परिसर से युवती के अपहरण का 24 घंटे में खुलासा, पिता-चाचा गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



कलेक्ट्रेट परिसर से युवती के अपहरण की सनसनीखेज वारदात का पुलिस ने महज एक दिन में खुलासा कर दिया। कोतवाली थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपहरण में शामिल युवती के पिता व चाचा को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि घटना में प्रयुक्त वाहन के चालक सहित अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

पुलिस ने शहर के बीचों-बीच हुई इस वारदात को गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारसमल जैन के सुपरविजन तथा शहर वृत्ताधिकारी सज्जन सिंह और कोतवाली थानाधिकारी शिवराज गुर्जर के नेतृत्व में विशेष टीमें गठित की। पुलिस के लिए यह मामला चुनौतीपूर्ण था, क्योंकि आरोपी पुलिस कर्मियों को कुचलने का प्रयास करते हुए युवती को जबरन वाहन में डालकर फरार हो गए थे।

पुलिस ने बताया की 7 जनवरी को लखमणीयास निवासी युवक की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया। पीड़ित ने बताया कि उसने अपनी पत्नी के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में बयान दर्ज करवाया था। परिवाद शाखा के बाहर प्रतीक्षा के दौरान युवती के परिजन अपने साथियों के साथ पहुंचे और जबरन उसे स्कॉर्पियो वाहन में डालकर ले जाने लगे। विरोध करने पर पुलिस कर्मियों को भी चोटें आईं। इस संबंध में थाना कोतवाली में बीएनएस की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया। घटना के खुलासे के लिए पुलिस ने वैज्ञानिक तरीके अपनाते हुए शहर व संभावित मार्गों के 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों, टोल प्लाजा फुटेज और अभय कमांड सेंटर की मदद से सघन जांच की। होटल-ढाबों और वाहनों की चेकिंग के साथ नाकाबंदी की गई। सीसीटीवी विश्लेषण व आसूचना के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें दबोचा गया। पुलिस ने इस मामले में बडलियास निवासी कालूलाल जाट (50) और कल्याण लाल जाट (40) को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिशें जारी हैं और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## कांस्या तिलस्वा क्षेत्र में एक ही दिन में दो मौतें, मचा हड़कंप

### मंदिर परिसर के बाहर अज्ञात तो पेट्रोल पंप के सामने बस से उतरे व्यक्ति की मौत, पुलिस जांच में जुटी

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।





कांस्या पुलिस चौकी क्षेत्र में शुक्रवार को अलग-अलग स्थानों पर दो व्यक्तियों के शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। एक शव तिलस्वा महादेव मंदिर परिसर के बाहर बस स्टैंड चबूतरे पर मिला, जबकि दूसरा व्यक्ति पेट्रोल पंप के सामने बस से उतरने के बाद अचेत हुआ और उसकी मौत हो गई। दोनों ही मामलों में पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

एएसआई नरेश सुखवाल ने बताया की पहली घटना तिलस्वा नाथ मंदिर परिसर के बाहर शिव चौक स्थित लोहे की चादर से बने बस स्टैंड पौष चबूतरा की है। जिसकी सूचना मंदिर ट्रस्ट के कर्मचारी परमानंद अहीर ने दी । वहां करीब 50-55 वर्ष का एक अज्ञात अधेड़ व्यक्ति मृत अवस्था में मिला, जो रजाई में लिपटा हुआ था। मृतक गोरे रंग का था, उसने फुल आस्तीन कबूतरी रंग की टी-शर्ट, हल्के काले रंग का लोवर और पैरों में काले मोज़े पहन रखे थे। शरीर पर जगह-जगह चकत्ते, हाथों की उंगलियां मुड़ी हुई, सिर पर पुरानी चोट का निशान और हल्का ताज़ा घाव पाया गया। मृतक के पास कोई पहचान संबंधी दस्तावेज नहीं मिले। प्रारंभिक तौर पर मौत गंभीर बीमारी अथवा ठंड के कारण होना प्रतीत हो रही है। समाजसेवियों की मदद से शव को पीएचसी कांस्या ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अज्ञात शव की शिनाख्त के प्रयास जारी हैं। इसी दौरान दूसरी सूचना राहुल लसौड़ ने दी , जिसमे कांस्या में पेट्रोल पंप के सामने एक व्यक्ति बस से उतरकर बैठा था, जो कुछ ही देर में अचेत हो गया। पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर उसकी जेब से आधार कार्ड व पहचान पत्र मिला। दस्तावेजों के आधार पर मृतक की पहचान मूलदास पिता सोहनदास रंगास्वामी (उम्र 41 वर्ष), निवासी रंगास्वामी बस्ती, मौक़म सिंह जी का खेड़ा, गंगरार, चित्तौड़गढ़ के रूप में हुई। पुलिस ने मृतक का शव मोर्चरी में रखवा परिजनों को सूचना दी। फिलहाल पुलिस द्वारा दोनों मामलों में जांच जारी है।

'भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo. 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

## बिना सेफ्टी इंतजाम स्लीपर बसों पर कार्रवाई शुरू

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।



यात्रियों की सुरक्षा को लेकर राजस्थान में स्लीपर बसों के खिलाफ सख्त अभियान शुरू कर दिया गया है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गड़करी के निर्देशों के बाद परिवहन विभाग ने बस बॉडी कोड का उल्लंघन कर चल रही अवैध स्लीपर बसों पर शिकंजा कस दिया है। जयपुर सहित प्रदेश में शुक्रवार रात से विशेष चेकिंग अभियान शुरू हो चुका है, जिसके तहत नियमों का पालन नहीं करने वाली बसों को जब्त किया जा रहा है। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि जब्त की गई स्लीपर बसों को तब तक दोबारा सड़क पर उतरने की अनुमति नहीं दी जाएगी, जब तक उनमें बस बॉडी कोड के अनुसार आवश्यक सुधार और सुरक्षा मानकों की पूर्ति नहीं की जाती। विभाग का कहना है कि यात्रियों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

हाल ही में जैसलमेर में हुए बस हादसे के बाद स्लीपर बसों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठे थे। इसके बाद परिवहन विभाग ने ऐसे वाहनों को सड़क सुरक्षा के लिए खतरा मानते हुए कड़ी कार्रवाई शुरू की है। अधिकारियों का मानना है कि इस अभियान से न केवल नियमों की पालना सुनिश्चित होगी, बल्कि दुर्घटनाओं पर भी प्रभावी अंकुश लगेगा।

CMYK

# हिंदू सम्मेलन कार्यालय का हुआ शुभारंभ, घर-घर जाकर देंगे शोभायात्रा का निमंत्रण



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**

**रमेश गुर्जर ।** नगर में आगामी 18 जनवरी को प्रस्तावित विशाल हिंदू शोभायात्रा एवं धर्म सभा की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को हिंदू सम्मेलन कार्यालय का शुभारंभ किया गया। बालाजी चौराहा स्थित हर्ष पैलेस में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कार्यालय का विधिवत उद्घाटन कर आयोजन का शंखनाद किया गया। कार्यक्रम के बाद आयोजन को सफल बनाने के लिए घर-घर जाकर आमंत्रण देने का निर्णय लिया गया।

हिंदू सम्मेलन मंडल के अध्यक्ष डॉ. दुर्गाशंकर मेहर ने भारत माता की आरती कर कार्यालय का शुभारंभ किया। इस अवसर पर आयोजन संयोजक राजकुमार गौतम ने सम्मेलन की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी दी। आयोजन की महिला संयोजक के रूप में पूजा जोशी को नियुक्त किया गया, जबकि आयुष खटिक को कार्यालय प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम का परिचय गणेश सोनी द्वारा कराया गया। कार्यक्रम में दिलदार सिंह राजोरा, बद्री प्रसाद गुरुजी, कोषाध्यक्ष ओम मेड़तिया, भवानी शंकर शर्मा, अशोक विजयवर्गीय, सुमित जोशी, दीपक गौड़, अनिल खटिक, पुरुषोत्तम महावर, श्रवण खटिक, चेतन पंवार, चिंटू मेवाड़ा, रामचन्द्र भील सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने बताया कि 18 जनवरी को निकलने वाली विशाल हिंदू शोभायात्रा और धर्म सभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए नगर व आसपास के क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा और प्रत्येक घर तक आमंत्रण पहुंचाया जाएगा।

# एंबुलेंस ड्राइवर्स ने नियमितीकरण की मांग को लेकर किया प्रदर्शन



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

एंबुलेंस ड्राइवर्स ने अपनी सेवाओं को नियमित करने की मांग को लेकर शुक्रवार को जिला कलेक्टर कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। राजस्थान एम्बुलेंस कर्मचारी यूनियन के बैनर तले जुटे ड्राइवर्स ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर राजस्थान कांट्रेक्टुअल हायरिंग टू सिविल पोस्ट रूल्स 2022 के तहत संविदा से नियमित करने की मांग रखी। यूनियन के जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुमार माली ने बताया कि 108 और 104 एंबुलेंस सेवाओं में कार्यरत ड्राइवर्स वर्ष 2008 से बेहद कम वेतन पर सेवाएं दे रहे हैं, जिससे परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो रहा है। नियमितीकरण की मांग को लेकर पहले भी कई बार ज्ञापन दिए गए, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

ड्राइवर्स ने कहा कि यदि सरकार नियमित करती है तो प्रदेशभर के हजारों एंबुलेंस कर्मियों का जीवन स्तर सुधरेगा और वे और अधिक समर्पण के साथ आमजन की सेवा कर सकेंगे।

# जिलेभर में आयोजित हुआ प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस

## गर्भवती महिलाओं को मिली निःशुल्क जांच, उपचार व परामर्श की सुविधा



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

जिले में मातृत्व स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने तथा गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित, स्वस्थ एवं जटिलता रहित प्रसव सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के समस्त राजकीय जिला चिकित्सालयों, उप जिला चिकित्सालयों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर विशेष स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। कार्यक्रम के तहत गर्भवती महिलाओं को एक ही छत के नीचे विभिन्न प्रकार की निःशुल्क जांच, उपचार एवं परामर्श सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामकेश गुर्जर ने बताया कि सुरक्षित मातृत्व अभियान का मुख्य उद्देश्य मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना है। इसके तहत स्त्री रोग विशेषज्ञों एवं प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई।

जांच में रक्तचाप, वजन, शुगर, यूरिन जांच, अल्ट्रासाउंड, हीमोग्लोबिन जांच सहित अन्य आवश्यक परीक्षण किए गए। जांच के दौरान सामान्य से कम हीमोग्लोबिन पाई गई एनीमिक गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उन्हें तत्काल उपचार उपलब्ध कराया गया। एनीमिया से ग्रसित महिलाओं को एफसीएम इंजेक्शन लगाए गए, जिससे उनके स्वास्थ्य में शीघ्र सुधार हो सके।चिकित्सकों द्वारा गर्भवती महिलाओं को पोषण, नियमित जांच, संस्थागत प्रसव एवं प्रसव पूर्व सावधानियों के बारे में भी आवश्यक परामर्श दिया गया।

# वैष्णव समाज ने मनाई जगतगुरु रामानंदाचार्य महाराज की जयंती



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

**मानव तिवाड़ी।** नगर में वैष्णव समाज द्वारा शुक्रवार को रामानंदाचार्य महाराज की जयंती श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर वैष्णव समाज के गणमान्यजनों ने एकत्र होकर महाप्रभु के जीवन दर्शन, उनके आदर्शों एवं समाज उत्थान में दिए गए योगदान पर चर्चा की। इस अवसर पर पहलाद वैष्णव, उमाशंकर वैष्णव, देवेंद्र वैष्णव, दिनेश वैष्णव, विशाल वैष्णव, विष्णुदास सहित वैष्णव समाज के कई लोग उपस्थित रहे।

# शाहपुरा में खेल अकादमी का शिलान्यास, युवाओं के सपनों को मिली नई उड़ान

## 3 करोड़ की लागत से बनेगी भीलवाड़ा जिले की पहली खेल अकादमी, 32 बीघा भूमि पर होगा विकास

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।**

**(मूलचन्द पेसवानी)।** शहर के खेल इतिहास में शुक्रवार का दिन स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज हो गया। वर्षों से प्रतीक्षित खेल अकादमी का शिलान्यास होते ही नगर में उत्साह, उम्मीद और गर्व का माहौल बन गया। माताजी का खेड़ा रोड स्थित 32 बीघा भूमि पर बनने जा रही इस बहुप्रतीक्षित खेल अकादमी का विधिवत भूमि पूजन एवं शिलान्यास शाहपुरा विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा पूर्व में ही 3 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है।





युवा मामले एवं खेल विभाग के अंतर्गत बनने वाली यह अकादमी भीलवाड़ा जिले की पहली खेल अकादमी होगी। इसके निर्माण से क्षेत्र के खिलाड़ियों को उच्चस्तरीय प्रशिक्षण, आधुनिक संसाधन और प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण उपलब्ध होगा। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित जनसमूह ने तालियों की गूंज के साथ इस पहल का स्वागत किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. बैरवा ने कहा कि यह खेल अकादमी शाहपुरा को खेल हब के रूप में विकसित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने बताया कि पहले चरण में आधुनिक वॉलीबॉल मैदान एवं खिलाड़ियों के लिए छात्रावास (हॉस्टल) का निर्माण किया जाएगा, जिससे ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के प्रतिभाशाली खिलाड़ी एक ही परिसर में रहकर अभ्यास कर सकेंगे। भविष्य में अन्य खेलों के मैदान, प्रशिक्षण सुविधाएं एवं आधुनिक उपकरण भी चरणबद्ध रूप से विकसित किए जाएंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि जिला स्तरीय खेल अकादमी का शाहपुरा में स्थापित होना, शाहपुरा के जिले बनने की दिशा में भी एक मजबूत संकेत है। आगामी राज्य बजट में शाहपुरा के लिए और विकास परियोजनाओं की मांग भी रखी गई है, जिससे क्षेत्र को शिक्षा, खेल और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में नई पहचान मिल सके।

तैराकी संघ सचिव नरेश बूलियां एवं वॉलीबॉल कोच राजेंद्र सिंह धाभाई ने कहा कि चार दशक पहले देखा गया सपना आज साकार होता नजर आ रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 1981 में इस खेल अकादमी के लिए पत्राचार प्रारंभ हुआ था, जो अब फलीभूत हो रहा है।

अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डॉ. सत्यनारायण कुमावत ने अपने संबोधन में 'नेशन फर्स्ट' की भावना से कार्य करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस अकादमी से निकलने वाले खिलाड़ी न केवल पदक जीतेंगे, बल्कि राष्ट्र का गौरव भी बढ़ाएंगे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. परमेश्वर कुमावत ने किया।

इस अवसर पर राजेंद्र सिंह धाभाई, नरेश बूलियां, हेमेन्द्र सिंह, कन्हैयालाल धाकड़, अविनाश जीनगर, राजेंद्र बोहरा, पंकज सुगंधी, जीवराज गुर्जर, शंकर गुर्जर भोजपुर सहित बड़ी संख्या में शारीरिक शिक्षक, खेल प्रशिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# कर्तव्य निभाने की मिली सजाः बजरी माफिया पर कार्रवाई करने वाले एएसआई के समर्थन में सड़क पर उतरा सर्व समाज

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर ।**

**(दिलखुश)।** केकड़ी क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय अवैध बजरी खनन माफिया, बिगड़ती कानून-व्यवस्था और वैधानिक कार्रवाई करने वाले ईमानदार पुलिसकर्मी के खिलाफ हुई कथित अन्यायपूर्ण कार्रवाई के विरोध में शुक्रवार को मीणा समाज सहित सर्व समाज सड़कों पर उतर आया। सदर थाना केकड़ी में तैनात एएसआई राजेश कुमार मीणा के समर्थन में बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए और अतिरिक्त जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।





ज्ञापन में बताया गया कि केकड़ी क्षेत्र, जो पूर्व में शांत व सौहार्दपूर्ण माना जाता था, वर्तमान में अवैध बजरी खनन माफिया के भय, दबाव और अराजकता का केंद्र बनता जा रहा है। अवैध खनन गतिविधियों के चलते हाल ही में एक निर्दोष व्यक्ति की मृत्यु होने से क्षेत्र में आक्रोश और असंतोष का माहौल है।ज्ञापन में बताया गया कि एएसआई राजेश कुमार मीणा ने अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए अवैध बजरी खनन स्थल से डंपर, जेसीबी व ट्रैक्टर जब्त कर थाने में खड़े किए। यह कार्रवाई पूरी तरह वैधानिक थी, लेकिन बजरी माफिया और उनके कथित राजनीतिक संरक्षण के चलते उन पर हमला करवाया गया, मारपीट की गई और न्याय दिलाने के बजाय उन्हें ही निलंबित कर दिया गया। इतना ही नहीं, मामले को दबाने व डराने के उद्देश्य से उनके विरुद्ध झूठा व मनगढ़ंत मुकदमा दर्ज किए जाने का भी आरोप लगाया गया।

ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि मामले को भटकाने के लिए असामाजिक तत्वों द्वारा एएसआई की पत्नी की निजी फोटो व वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर चरित्र हनन का प्रयास किया गया। इसे आईटी एक्ट व भारतीय दंड संहिता के तहत गंभीर अपराध बताते हुए दोषियों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन में एएसआई राजेश मीणा का निलंबन तत्काल प्रभाव से निरस्त कर बहाल करने, उनके विरुद्ध दर्ज झूठा मुकदमा वापस लेने, मारपीट की निष्पक्ष व उच्चस्तरीय जांच कराने, हमले में शामिल प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष दोषियों व संरक्षण देने वालों पर कठोर कार्रवाई, बजरी माफिया से जुड़े लोगों की कॉल डिटेल रिकॉर्ड , लोकेशन व डिजिटल साक्ष्यों की जांच, सोशल मीडिया पर बदनामी करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई, एएसआई व उनके परिवार को सुरक्षा तथा केकड़ी क्षेत्र में अवैध बजरी खनन पर रोक के लिए विशेष जांच दल के गठन की मांग की गई।

ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि यदि समय रहते निष्पक्ष व प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो आम जनता का कानून व प्रशासन से विश्वास समाप्त हो जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस दौरान एडवोकेट रामअवतार मीणा, एडवोकेट लक्ष्मीचंद मीणा, एडवोकेट रामराज सिनोदिया, राजस्थान किसान मजदूर नौजवान सभा सावर तहसील अध्यक्ष देवी लाल लोधा, एडवोकेट रोडूमल सोलंकी, एडवोकेट दुर्गालाल वर्मा सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

# मतदाता सूची अद्यतीकरण को लेकर संभागीय आयुक्त ने ली समीक्षा बैठक

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची अद्यतीकरण की प्रगति की समीक्षा को लेकर शुक्रवार को संभागीय आयुक्त शक्ति सिंह राठौड़ ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक का उद्देश्य मतदाता सूची के कार्य में पारदर्शिता, समयबद्ध क्रियान्वयन एवं अधिकतम पात्र मतदाताओं के नाम सूची में शामिल करना रहा। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 की अब तक की प्रगति की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में 4 नवंबर से 11 दिसंबर तक परिगणना अवधि के दौरान जिले के सभी मतदाताओं को गणना प्रपत्रों का वितरण एवं संग्रहण कार्य सफलतापूर्वक किया गया।



उन्होंने बताया कि जिले में कुल 19,21,127 मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित किए गए, जिनमें से 17,52,930 मतदाताओं द्वारा भरे हुए प्रपत्र संबंधित बीएलओ/ईआरओ को जमा कराए गए। इन मतदाताओं के नाम 16 दिसंबर 2025 को जारी प्रारूप मतदाता सूची में सम्मिलित कर दिए गए हैं। कलेक्टर ने बताया कि कुल 1,68,197 मतदाताओं के गणना प्रपत्र प्राप्त नहीं हो सके। इन मतदाताओं की सूची मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान की वेबसाइट एवं जिला प्रशासन की वेबसाइट पर सुगम फॉर्मेट में उपलब्ध कराई गई है। अप्राप्त प्रपत्रों में 35,718 मृत, 87,872 स्थायी रूप से स्थानांतरित, 33,796 अनुपस्थित, 10,105 एकाधिक स्थानों पर पंजीकृत तथा 706 अन्य कारणों से संबंधित मतदाता शामिल हैं। संभागीय आयुक्त शक्ति सिंह राठौड़ ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने दलों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करें, ताकि कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण के द्वितीय चरण के अंतर्गत 16 दिसंबर से 15 जनवरी तक प्रारूप मतदाता सूची के संबंध में दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जा रही हैं। मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 14 फरवरी को किया जाएगा। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी रणजीत सिंह, उपखंड अधिकारी अक्षत सिंह, बहुजन समाज पार्टी से रामेश्वर लाल जाट, भारतीय जनता पार्टी से सोपल तेली एवं मुकेश कुमार चेचानी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से सुरेश खोईवाल, मुश्ताक अली मंसूरी व रामेश्वर जाट, कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी से मोहम्मद हुसैन कुरैशी तथा कैलाश पंचोली सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



QUICK BITES

## संभागीय आयुक्त ने जिला कलेक्ट्रेट, जेल परिसर व शूटिंग अकादमी का किया निरीक्षण

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



संभागीय आयुक्त शक्ति सिंह राठौड़ ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय, जिला जेल परिसर एवं नवनिर्मित शूटिंग अकादमी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के निरीक्षण के दौरान संभागीय आयुक्त ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संवाद किया तथा ई-फाइलिंग व्यवस्था एवं अन्य राजकाज संबंधी प्रक्रियाओं की जानकारी ली। उन्होंने ई-गवर्नेंस को और अधिक प्रभावी बनाने, फाइलों के समयबद्ध निस्तारण तथा कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके पश्चात राठौड़ ने जेल परिसर का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं, सुरक्षा प्रबंधों एवं सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। संभागीय आयुक्त ने नवनिर्मित शूटिंग अकादमी का भी निरीक्षण किया तथा उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ऐसी अकादमियां युवाओं की खेल प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी और जिले के खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण के अवसर मिलेंगे। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नेत्रदान कर जागेटिया परिवार ने दिया मानवता का संदेश

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



नेत्रदान को महादान का स्वरूप देते हुए शास्त्री नगर निवासी स्वर्गीय डालचंद जागेटिया के आकस्मिक निधन के उपरांत उनके परिजनों ने मरणोपरांत नेत्रदान कर मानवता की प्रेरक मिसाल पेश की। उनके पुत्र प्रहलाद, गजेंद्र एवं प्रकाश जागेटिया सहित समस्त जागेटिया परिवार ने इस पुण्य कार्य का संकल्प लिया।

यह नेत्रदान लायंस क्लब टेक्सटाइल सिटी के माध्यम से संपन्न हुआ। दुख की इस घड़ी में भी परिवार ने अंधत्व निवारण हेतु नेत्रदान का निर्णय लेकर समाज के सामने अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया।

क्लब अध्यक्ष पवन पंवार एवं राकेश पगारिया ने बताया कि क्लब की प्रेरणा से परिवारजनों की सहमति से यह नेत्रदान संभव हो पाया। क्लब के मीडिया प्रभारी मनीष बंब ने जानकारी दी कि आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान के नेत्र सहायक चेतन भट्ट द्वारा शास्त्री नगर स्थित निवास पर पहुंचकर नेत्रों का उत्सर्जन कर कॉर्निया प्राप्त किया गया, जिसे जयपुर आई बैंक भेजा गया। इससे दो नेत्रहीन व्यक्तियों को नेत्र ज्योति प्राप्त होगी। इस कार्य में प्रकाश जोशी, रमेश काकरवाल पूर्व रीजन चेयरमैन, राकेश पगारिया सहित लायंस आई हॉस्पिटल के सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# पॉली हाउस एवं शेडनेट हाउस आवेदन लॉटरी सम्पन्न, चयनित किसानों को 16 जनवरी तक दस्तावेज जमा करने के निर्देश

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

जिले में पॉली हाउस एवं शेडनेट हाउस योजना के अंतर्गत आवेदन करने वाले किसानों के लिए उद्यान आयुक्तालय द्वारा लॉटरी प्रक्रिया सम्पन्न कर ली गई है। उप निदेशक उद्यान डॉ. शंकर सिंह राठौड़ ने बताया कि जिले में 30 जून तक कुल 1637 किसानों ने पॉली हाउस एवं शेडनेट हाउस हेतु आवेदन किए थे। वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जिले को 1,10,000 वर्गमीटर पॉली हाउस एवं 25,000 वर्गमीटर शेडनेट हाउस का लक्ष्य प्राप्त हुआ है।




राठौड़ ने बताया कि निर्धारित लक्ष्य के अनुसार 50 प्रतिशत लाभार्थियों का चयन पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर तथा शेष 50 प्रतिशत का चयन लॉटरी प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा। लॉटरी में चयनित किसानों को उनके चयन की सूचना भेजी जा चुकी है। चयनित किसानों को निर्देश दिए गए हैं कि वे आवश्यक दस्तावेज एवं कृषक अंश राशि का डिमांड ड्राफ्ट अथवा आरटीजीएस रसीद दिनांक 16 जनवरी तक कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा कराएं। इसके पश्चात प्रशासनिक स्वीकृति एवं कार्यादेश जारी किए जाएंगे।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि संबंधित अनुबंधित कंपनियों की वैधता 19 जनवरी को समाप्त हो रही है, इसलिए इसके बाद किसी भी प्रकार के दस्तावेज या कृषक अंश राशि स्वीकार नहीं की जाएगी और न ही प्रशासनिक स्वीकृति एवं कार्यादेश जारी किए जाएंगे।

# श्रम विभाग के नाम पर ठगी, श्रमिकों को किया जा रहा निशाना

## श्रम आयुक्त की चेतावनी ,फोन पर पैसे मांगने वालों से रहें दूर

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

श्रम विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर जिले के निर्माण श्रमिकों से ठगी किए जाने के मामले सामने आए हैं। ठग लोग स्वयं को श्रम विभाग का अधिकारी या कर्मचारी बताकर फोन के माध्यम से श्रमिकों से संपर्क कर रहे हैं और योजनाओं के आवेदन स्वीकृत करवाने के एवज में धनराशि की मांग कर रहे हैं।

बताया गया है कि ऐसे ठग पोर्टल से आवेदनों की जानकारी प्राप्त कर लेते हैं तथा हितग्राहियों को फोन कर



आवेदन से संबंधित पोर्टल के स्क्रीनशॉट भेजकर उन्हें विश्वास में लेने का प्रयास करते हैं। इस प्रकार की ठगी से जुड़े ऑडियो क्लिप भी पीड़ितों द्वारा सामने लाए गए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए श्रम विभाग द्वारा साइबर क्राइम पुलिस थाने में परिवाद भी दर्ज करवाया गया है।

इस संबंध में श्रम आयुक्त शिवदयन सोलंकी ने जिले के समस्त निर्माण श्रमिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार के झांसे में न आएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि श्रम विभाग द्वारा किसी भी योजना के आवेदन को स्वीकृत करने के लिए फोन पर संपर्क कर धनराशि की मांग नहीं की जाती है। श्रम आयुक्त ने कहा कि यदि इस प्रकार का कोई संदिग्ध फोन कॉल प्राप्त होता है तो तुरंत अपने नजदीकी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराएं। साथ ही, योजनाओं से संबंधित किसी भी जानकारी या समस्या के समाधान के लिए सीधे जिला कार्यालय, उप श्रम आयुक्त से संपर्क करें।

# समाज व्यर्थ के खर्चों पर अंकुश लगाकर शिक्षा पर करे निवेश - थाना प्रभारी शर्मा

## काछोला में वैष्णव समाज ने स्वामी रामानंदाचार्य के 726वें जन्मोत्सव पर आयोजित किया भव्य कार्यक्रम





भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।

कस्बे में अनंत विभूषित जगद्गुरु स्वामी रामानंदाचार्य के 726वें जन्मोत्सव के अवसर पर समस्त वैष्णव बैरागी समाज की ओर से बगीची के बालाजी चौक स्थित मंदिर परिसर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि काछोला थाना प्रभारी बालकिशन शर्मा रहे, जबकि अध्यक्षता वैष्णव समाज के अध्यक्ष डॉ. कैलाश चन्द्र वैष्णव ने की।

विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. राधेश्याम वैष्णव उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत रामपाल वैष्णव, सोहनलाल, सत्यनारायण, कृष्णगोपाल, महेश वैष्णव, मुकेश वैष्णव, भरत वैष्णव सहित समाजजनों ने किया।

मुख्य अतिथि बालकिशन शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि समाज को अनावश्यक व व्यर्थ के खर्चों पर अंकुश लगाकर शिक्षा पर अधिक ध्यान देना चाहिए, जिससे समाज, प्रदेश और देश का नाम रोशन हो सके। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने और शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर देते हुए विशेष रूप से महिला शिक्षा को समाज के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. कैलाश चन्द्र वैष्णव ने कहा कि शिक्षा के बिना किसी भी समाज का समुचित विकास संभव नहीं है। शिक्षा से ही सफलता की मंजिल मिलती है और यह मानवता का बोध कराती है। मुख्य वक्ता प्राध्यापक कैलाश चन्द्र वैष्णव ने कहा कि शिक्षा अनमोल धन है, इसके बिना समाज का विकास असंभव है। उन्होंने समाजजनों से बच्चों की शिक्षा के प्रति सदैव तत्पर रहने और उनमें सामाजिक संस्कारों के साथ-साथ अध्ययन की भावना विकसित करने का आह्वान किया।

समारोह में समाज गौरव अवार्ड के अंतर्गत पूर्व सीडीपीओ कौशल्या वैष्णव, अजमेर संभाग की दुर्गा वाहिनी प्रमुख लाड़ देवी वैष्णव एवं मीडिया प्रभारी प्रदीप वैष्णव को शॉल, साफा एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का प्रतिवेदन संजय वैष्णव ने प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर लादूदास, गोपालदास, रामकुंवार, मुकेश कुमार, महावीर, भागचंद, घीशू, परमेश्वरदास, कृष्णगोपाल, शिवकुमार, परमानन्द, काशीराम, राजेश, कमलेश, लोकेश सहित बड़ी संख्या में समाजजन व श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन समाज के सचिव सोहनलाल वैष्णव ने किया।

# सेन समाज के विकास कार्यों की समीक्षा, 14 जनवरी को गौ सेवा व निःशुल्क हेयर कटिंग कार्यक्रम

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

सेन क्षौरकार वेलफेयर सोसायटी की बैठक चामुंडा माता मंदिर, हरणी महादेव में आयोजित की गई। बैठक में सेन समाज के विकास से जुड़े विभिन्न कार्यों की समीक्षा की गई तथा समाज के छात्रावास भवनों के निर्माण कार्य में अधिक से अधिक सहयोग करने की अपील की गई।

संस्था अध्यक्ष गोविन्द सेन ने बताया कि बैठक में छात्रावास निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने का सामूहिक संकल्प लिया गया। उन्होंने समाजजनों से संगठन को मजबूत बनाते हुए शिक्षा एवं सामाजिक विकास के लिए आगे आने का आह्वान किया। बैठक में




कोषाध्यक्ष हेमराज सेन ने सेन जयंती महोत्सव 2025 के आय-व्यय का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। साथ ही आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि 14 जनवरी को सूचना केंद्र पर गौ सेवा चैरिटी के अंतर्गत निःशुल्क हेयर कटिंग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

संस्था के संस्थापक लादुलाल सेन ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए सभी सदस्यों से एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। बैठक की समस्त व्यवस्थाएं सचिव जितेंद्र सेन द्वारा संपन्न की गईं। बैठक की अध्यक्षता भैरूलाल सेन ने की। बैठक में संरक्षक जसराज, मंडल अध्यक्ष संजय, प्रवीण, बबलू, दिनेश, किशन, ईश्वर, पवन, प्रदीप सेन, संजय फास्ट रैंक, ओम टुक्कड़वाल, राकेश, सुनील खलवा, रामलाल, महावीर, गोपाल, राजेश मधुर, कन्हैया, कमलेश, दीपक, दीपेश, शिवराज, नितेश, कपिल, सन्नी, सोनू, प्रहलाद, राहुल, रतन, सत्यनारायण सहित बड़ी संख्या में सेन समाज के लोग उपस्थित रहे।

# वर्तमान डिजिटल युग में प्रत्येक महिला का वित्तीय साक्षर होना आवश्यक : सीए गांधी

## जीतो लेडीज विंग भीलवाड़ा चेप्टर ने वित्तीय साक्षरता की दिशा में बढ़ाए कदम

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**






जीतो भीलवाड़ा चेप्टर लेडीज विंग द्वारा महिलाओं को वर्तमान डिजिटल युग में वित्तीय रूप से सशक्त और जागरूक बनाने के उद्देश्य से 'स्मार्ट स्टेप टुवर्ड्स फाइनेंशियल लिटरेसी' विषय पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शुक्रवार को चौधरी/डांगी जीतो हाउस में आयोजित हुआ।

जीतो लेडीज विंग चेयरपर्सन नीता बाबेल ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आईसीएआई रीजनल काउंसिल मेंबर सीए निर्भिक गांधी रहे। गांधी ने महिलाओं को वित्तीय योजना तैयार करने, धन प्रबंधन, बचत में वृद्धि, सुरक्षित निवेश, बजट निर्माण तथा व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक वित्त के स्वतंत्र प्रबंधन से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी।

सीए गांधी ने डिजिटल बैंकिंग, यूपीआई एवं ऑनलाइन लेन-देन के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि कभी भी पासवर्ड, ओटीपी जैसी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा नहीं करनी चाहिए। उन्होंने साइबर फ्रॉड से बचाव, टू-स्टेप वेरिफिकेशन के महत्व तथा व्हाट्सऐप हैकिंग से सुरक्षित रहने के उपाय भी सरल एवं व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से समझाए।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं द्वारा वित्तीय लेन-देन एवं निवेश से संबंधित पूछे गए प्रश्नों और शंकाओं का समाधान भी किया गया। इस सत्र से प्रतिभागियों को वित्तीय आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त कदम बढ़ाने की प्रेरणा मिली।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता एवं अतिथियों का स्वागत जीतो भीलवाड़ा चेप्टर लेडीज विंग चेयरपर्सन नीता बाबेल के साथ लेडीज विंग मुख्य सचिव अर्चना पाटोदी एवं इवेंट कन्वीनर अनुराधा चौधरी ने किया।

कार्यक्रम में को-कन्वीनर सुमन दुगड़, सुमन लोढ़ा, लाड मेहता, अमिता बाबेल, रजनी सिंघवी, वनिता बाबेल, रश्मि लोढ़ा, मनीषा खजांची, मनीषा मेहता, प्रो. अर्चना अग्रवाल, पलक भड़कतिया, प्रीति सुराणा, मोनिका रांका, सुरुचि कोठारी, प्रिया जैन, अनीता जैन, पूनम जैन, साक्षी जैन, पिंकी हिरणिया, किरण सेठी, शिल्पा गुनवानी, वनिता भाणावत, सिद्धि बाबेल, प्रियंका चौधरी, ज्योति आर्य, दीपा गुप्ता, भाव्या कांकरिया, सुमिता कांकरिया, ममता मारू, रिया लोढ़ा, निकिता चौधरी, ध्रुव गोखरू, चरत गोखरू सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहीं।

# युवाओं में नशा-मुक्ति का संदेश, भाविप ने विद्यालय में आयोजित की प्रतियोगिता

## पोस्टर-स्लोगन प्रतियोगिता के साथ जरूरतमंद विद्यार्थियों को इनर वितरण

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



भारत विकास परिषद नेताजी सुभाष शाखा द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, गुरला में मां भारती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं वंदेमातरम् गान के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम के प्रथम चरण में वर्तमान परिप्रेक्ष्य में युवाओं में बढ़ती नशा-वृत्ति को रोकने के उद्देश्य से नशा-मुक्ति विषय पर कक्षा 9वीं से 12वीं तक के 105 विद्यार्थियों के मध्य पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

द्वितीय चरण में सामाजिक सरोकार के अंतर्गत विद्यालय में अध्ययनरत 200 जरूरतमंद विद्यार्थियों को इनर वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य नीलम कुमार पुरोहित ने भारत विकास परिषद नेताजी सुभाष शाखा के सभी सदस्यों का अभिनंदन करते हुए उनके सेवा कार्यों की सराहना की।

कार्यक्रम में शाखा से अमित काबरा, बसंतीलाल मूंदड़ा, सुरेश रावत एवं मातृशक्ति से गुणमाला अग्रवाल, आशा दरगड़, मधु लढ़ा, करुणा लोहिया, उषा सोमानी, मनीषा बूलिया सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शाखा सचिव कैलाश शर्मा ने किया, जबकि आभार व्यक्त शाखा अध्यक्ष पंकज लोहिया द्वारा किया गया।

# वैष्णव बैरागी समाज ने धूमधाम से मनाया रामानन्दाचार्य जन्मोत्सव , शहर में निकली भव्य शोभायात्रा





**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)।** भीलवाड़ा में रामानन्दाचार्य महाराज के 726वें जन्मोत्सव के अवसर पर शुक्रवार को शहर में वैष्णव बैरागी समाज की ओर से विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का समापन बस स्टैंड के समीप स्थित रामानन्द भवन देवा दास जी की बगीची में संतों के प्रवचनों एवं महाआरती के साथ हुआ।

वैष्णव बैरागी सेवा संस्थान एवं समस्त वैष्णव बैरागी समाज के संयुक्त तत्वावधान में जन्मोत्सव श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शोभायात्रा सुबह 10:15 बजे दूदाधारी मंदिर, सांगानेर गेट से प्रारंभ हुई। इसमें बैंड-बाजा, मदसौरी ढोल, घोड़े व घोड़ा-बग्गी शामिल रही।

शोभायात्रा दूदाधारी मंदिर से श्री गेस्ट हाउस, महाराणा टॉकीज, सूचना केंद्र, गोल प्याऊ चौराहा, रेलवे स्टेशन, कलेक्ट्रेट रोड, परशुराम सर्किल एवं रोडवेज बस स्टैंड होते हुए रामानन्द भवन देवा दास जी की बगीची पहुंची। मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। कच्ची घोड़ी नृत्य शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण रहा, वहीं समाज के युवक-युवतियों व बालिकाओं द्वारा अखाड़ा प्रदर्शन भी किया गया।

कार्यक्रम में जिलेभर से बड़ी संख्या में वैष्णव बैरागी समाज के महिला-पुरुष, युवक-युवतियां एवं बच्चे उपस्थित रहे। इस अवसर पर महंत रामसागर दास महाराज (हमीरगढ़) सहित अनेक संत-महंत मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रकाश नारायण महाराज (पालवास, सीकर) ने की। मुख्य अतिथि के रूप में महंत अवध बिहारी दास (कालाबड़), महंत रामपाल दास (मुंगाणा), महंत श्याम दास महाराज (बड़ली), संत नवनिधि दास महाराज (उदयपुर), महंत राम सुरेश दास महाराज (केकड़ी), जोगेश्वर दास महाराज (देवा दास जी की बगीची) एवं शंकर दास महाराज सहित अन्य संतों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। संतों ने अपने उद्बोधनों में समाज में सेवा, संस्कार एवं शिक्षा पर विशेष जोर दिया। सभा में सांसद दामोदर अग्रवाल एवं विधायक अशोक कोठारी भी शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष लादू दास वैष्णव ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत विद्यालयों में आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**




100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत बाल विवाह की रोकथाम एवं जन-जागरूकता को लेकर बाल अधिकारिता विभाग एवं जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सहायक निदेशक धर्मराज प्रतिहार के निर्देशानुसार हमीरगढ़ क्षेत्र के पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तथा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रमों के दौरान विद्यार्थियों को बाल विवाह के दुष्परिणामों की जानकारी दी गई तथा उन्हें बाल विवाह रोकथाम की शपथ दिलाई गई। जागरूकता के लिए खेल गतिविधियां, वाद-विवाद प्रतियोगिताएं एवं पोस्टर निर्माण जैसी रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की गईं, जिससे बच्चों में विषय को लेकर समझ और संवेदनशीलता विकसित हो सके। विद्यार्थियों को बताया गया कि सरकार द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 100 दिनों तक लगातार जागरूकता कार्यक्रम चलाकर समाज को बाल विवाह से मुक्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

जिला बाल संरक्षण इकाई की संरक्षण अधिकारी अनुराधा तोलंबिया, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के परियोजना समन्वयक हेमंत सिंह, काउंसलर निर्मला पुरोहित तथा सुपरवाइजर राधेश्याम गुर्जर ने विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए बताया कि बाल विवाह की किसी भी सूचना के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर संपर्क किया जा सकता है।

कार्यक्रम में विद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। इन जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से लगभग 750 विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफ को बाल विवाह मुक्त समाज के निर्माण की शपथ दिलाई गई।

## QUICK BITES

# ठंड में मरीजों को राहत, उड़ान क्लब ने टीबी अस्पताल में किया सेवा कार्य

## शीतलहर के बीच हीटर व पौष्टिक आहार वितरित, मरीजों के मनोबल को मिला संबल

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**




बढ़ती ठंड और शीतलहर के प्रकोप को देखते हुए सामाजिक सरोकारों में अग्रणी उड़ान क्लब द्वारा टीबी अस्पताल में भर्ती मरीजों की सुविधा हेतु राहत सामग्री वितरित की गई। यह सेवा कार्य क्लब की संरक्षिका प्रतिभा मानसिंहका के नेतृत्व में संपन्न हुआ। संरक्षिका प्रतिभा मानसिंहका ने बताया कि कड़ाके की सर्दी को ध्यान में रखते हुए अस्पताल के वार्डों में मरीजों की सुविधा के लिए 5 रूम हीटर लगाए गए, जिससे उपचाराधीन मरीजों को ठंड से राहत मिल सके। इसके साथ ही ठंड के मौसम में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से सभी मरीजों को गर्म दूध, तिल के लड्डू तथा गुड़-चना के पैकेट वितरित किए गए। इस सेवा कार्य में क्लब की सक्रिय सदस्य अभिलाषा कामलिया, मधु लोढ़ा, द्रोपदी मानसिंहका एवं नीता जैन का विशेष सहयोग रहा। सभी सदस्यों ने स्वयं मरीजों को खाद्य सामग्री भेंट कर सेवा भाव का परिचय दिया। इस अवसर पर टीबी अस्पताल के चिकित्सक डॉ. प्रदीप कटारिया ने उड़ान क्लब के इस मानवीय प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि अस्पताल प्रशासन के साथ सामाजिक संस्थाओं का ऐसा सहयोग मरीजों के मनोबल को बढ़ाता है और उनके शीघ्र स्वस्थ होने में सहायक सिद्ध होता है।

# पत्रकार राकेश मीणा बने जय मिनेश आदिवासी यूनिवर्सिटी के प्रेस सलाहकार

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।**



जय मिनेश आदिवासी यूनिवर्सिटी की गवर्निंग काउंसिल में पत्रकार राकेश मीणा को सदस्य मनोनीत किया गया है। इसके साथ ही उन्हें यूनिवर्सिटी का प्रेस सलाहकार भी नियुक्त किया गया है। यह निर्णय अखिल भारतीय श्री मीणा सामाजिक एवं शैक्षिक समिति की आम सभा में लिया गया।

समिति द्वारा जारी पत्र में बताया गया की, राकेश मीणा को यह जिम्मेदारी उनकी सक्रिय पत्रकारिता, सामाजिक सरोकारों और संगठनात्मक अनुभव को देखते हुए सौंपी गई है। उनके मनोनयन से यूनिवर्सिटी की शैक्षणिक गतिविधियों, शोध कार्यों तथा आदिवासी समाज से जुड़े विषयों को मीडिया के माध्यम से अधिक प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने में मजबूती मिलने की उम्मीद है। गौरतलब है कि यूनिवर्सिटी वर्तमान में शोध-अवस्था में है और शैक्षणिक विस्तार की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।

# घने कोहरे और सर्द हवाओं से सवाईपुर में बढ़ी ठिठुरन

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



**(सांवर वैष्णव)।** क्षेत्र में शुक्रवार को एक बार फिर घना कोहरा छा गया। कस्बे सहित सालरिया, सोपुरा, ढ़ेलाणा, बड़ला, बनकाखेड़ा, चावंडिया, ककरोलिया माफी, लसाडिया, रेड़वास, जित्यास, नोहरा, कालिरडिया, कुड़ी, बोरखेड़ा, बोर्डियास, खजीना व कांदा सहित आसपास के कई गांवों में कोहरे के कारण जनजीवन खासा प्रभावित रहा। घने कोहरे के चलते दृश्यता बेहद कम हो गई, जिससे कुछ दूरी पर स्थित वस्तुएं भी स्पष्ट दिखाई नहीं दीं। ग्रामीणों के साथ-साथ वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कोहरे का असर नेशनल हाईवे पर भी देखने को मिला, जहां वाहनों की रफ्तार धीमी रही और चालक सुरक्षा की दृष्टि से हेडलाइट जलाकर चलते नजर आए। वहीं सर्द हवाओं और कड़ाके की ठंड से क्षेत्र में ठिठुरन बढ़ गई है। ठंड से बचाव के लिए ग्रामीण अलाव तापते नजर आए। लगातार कोहरे और सर्द हवाओं के चलते यातायात के साथ-साथ दैनिक गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं, जिससे लोगों की दिनचर्या पर असर पड़ा है।

# गेणोली का अग्निवीर बना दिनेश

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।**



क्षेत्र के गेणोली गांव के होनहार युवक दिनेश माली ने अग्निवीर योजना के तहत चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों में पढ़ाई करते हुए दिनेश ने अपने संघर्ष, मेहनत और लगन के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। जिससे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है । दिनेश माली के पिता कालू माली मेहनत-मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।